**भारत सरकार**

मानव संसाधन विकास मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

तारांकित प्रश्न संख्या: 32

उत्तर देने की तारीख: 24.06.2019

# शिक्षा की गुणवत्ता

***32. श्री रविंद्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशनः**
**श्री रविन्दर कुशवाहाः**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए तैयार की गई नीति का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का राजकीय प्रतिभा विद्यालयों जैसे अन्य विद्यालय खोलने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) अब तक खोले गए/खोले जाने हेतु प्रस्तावित ऐसे विद्यालयों की उत्तर प्रदेश सहित उनका राज्य-वार संख्या कितनी है; और
(घ) राजकीय प्रतिभा विद्यालय कितने राज्यों
में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, उत्तर प्रदेश सहित उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**मानव संसाधन विकास मंत्री**

**(रमेश पोखरियाल 'निशंक')**

(क) से (घ) : विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है।

**'शिक्षा की गुणवत्ता' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री रविंद्र श्यामनारायण शुक्ला उर्फ रवि किशन और श्री रविन्दर कुशवाहा द्वारा दिनांक 24.06.2019 को लोक सभा में पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न सं. 32 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

**(क)** केंद्र सरकार ने देश में प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए निम्नानुसार कतिपय उपाय किए हैं:

1) गुणवत्तापरक शिक्षा पर फोकस करने के लिए, कक्षा-वार, विषय-वार अधिगम परिणामों से संबंधित संदर्भ को शामिल करने के लिए नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम की केंद्रीय नियमावली को संशोधित किया गया है। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा **राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण (एनएएस)** आयोजित किया गया था जिसमें छात्रों के अधिगम परिणामों का मूल्यांकन किया गया।

2) ऑनलाइन डी.एल.एड पाठ्यक्रम 3 अक्टूबर 2017 से शुरू किया गया था जिसके अंतर्गत 9,58,513 शिक्षकों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है। चार वर्षीय बी.एड. एकीकृत पाठ्यक्रम हेतू 3 जून 2019 से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

3) केन्द्र सरकार ने 2018-19 से, एकीकृत स्कूल शिक्षा योजना - **समग्र शिक्षा** शुरू की है। भारत सरकार ने 2021 में **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी)** द्वारा आयोजित किए जाने वाले **अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम (पीआईएसए)** में भाग लेने का निर्णय लिया है। सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों की **शगुनोत्सव** नामक जनगणना आयोजित करने के लिए अनुमोदन दिया गया है। एनसीईआरटी और राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान (एनआईईपीए) द्वारा बनाए गए **एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम** व **स्कूल आधारित मूल्यांकन (एसबीए)** को वर्ष 2019-20 में करने का अनुमोदन दिया गया है।

4) मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने राज्यों तथा संघ राज्यक्षेत्रों का ग्रेड निर्धारित करने के लिए 70 संकेतकों पर आधारित कार्य-निष्पादन ग्रेडिंग सूचकांक **(पीजीआई)** बनाया है। समयबद्ध और सटीक आंकड़े प्राप्त करने के लिये, सुचारू और उपयुक्त शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली अर्थात् **यूडीआईएसआई+**(यूडीआईएसई प्लस) को 2018-19 से प्रारंभ किया गया है।

5) देशभर में सरकारी स्कूलों में **यूथ एंड इको क्लब** स्थापित करने का अनुमोदन दिया गया है। भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता का अनुभव करने के लिए विद्यालयों में 2018-19 में '**रंगोत्सव**' आयोजित किया गया था।

(ख) से (घ) : **राजकीय प्रतिभा विद्यालय** राज्य की योजना है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सूचित किया गया है कि उनके द्वारा राजकीय प्रतिभा विद्यालय जैसी दो योजनाएँ 18 अभिनव विद्यालय (प्रत्येक मण्डल में एक) व 148 पंडित दीन दयाल उपाध्याय मॉडेल स्कूल क्रियान्वित की जा रही हैं।

तथापि, मानव संसाधन विकास मंत्रालय केंद्रीय विद्यालय और नवोदय विद्यालय चला रहा है जो कि उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने हेतु गति निर्धारक संस्थान हैं।

इसके अतिरिक्त, केंद्रीय प्रायोजित समग्र शिक्षा योजना के तहत, अवसंरचना को सशक्त करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सभी स्कूल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए अन्य हस्तक्षेपों के अतिरिक्त निर्धारित मानकों को पूरा करें, स्कूलों में अवसंरचना निर्माण तथा अन्य सुविधाओं के प्रावधान के लिए राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्रों को निधि दी जाती है।

*****